# समाचार

# एम.आई.सी. की बैठक में स्मार्ट सिटी एवं राज्य शासन से चयनित उप अभियंताओं के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी मेयर इन काउंसिल की बैठक)



कोरबा 28 जनवरी 2016 – नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल द्वारा आज निगम के कार्यो से संबंधित प्रस्तुत विभिन्न प्रस्तावों को अपनी स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में निगम की एम.आई.सी. की बैठक सम्पन्न हुई।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कोरबा शहर का स्मार्ट सिटी के रूप में सुनियोजित विकास करने से संबंधित प्रस्ताव तथा राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय के विभिन्न इकाईयों हेतु उप अभियंताओं की सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति करने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं वार्ड क्र. 21 पोड़ीबहार मुक्तिधाम रेलवे लाईन (शिवाजीनगर) तक सड़क चौड़ीकरण एवं पुलिया निर्माण कार्य आदि को एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। कोरबा शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने से समस्त जनसुविधाएं आन लाईन उपलब्ध होने से आमजनता की छोटी–छोटी समस्या को घर बैठे निराकरण हो सकेगा तथा स्मार्ट सिटी परियोजना तैयार होने से शहर का सुनियोजित विकास हो सकेगा। नगर पालिक निगम कोरबा में वर्तमान में उप अभियंताओं की कमी है, जिससे निगम के कार्यो को संधारित करने में काफी असुविधाएं होती है, उप अभियताओं की भर्ती हो जाने से निगम के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में एवं सुनियोजित ढंग से पूरा हो पाएगा, जिससे निश्चित रूप से शहर का विकास होगा। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य महेन्द्र सिंह चौहान, इस्माईल कुरेशी, भुवनेश्वरी देवी, डॉ. गोपाल कुर्रे, सुनील पटेल, सुनीता राठौर, दिनेश सोनी, संतोष राय, सीताराम चौहान, श्यामारामायण दास महंत, देवीदयाल सोनी, इंदिरा कौशिक, अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर. मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा,

ग्यास अहमद, आर.के. भोजासिया, आर.के. चौबे, निगम सचिव पवन वर्मा, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, के.पी. दहायत, भूषण उरांव, एन.के. नाथ, विनोद शांडिल्य, ए.शुक्ला, राजस्व अधिकारी एन.एस. करपे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित